Helpline No.:-+91 7597122440

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड, जयपुर (राज.) - 302026

▌वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ▌ई–मेल - jrrsu@yahoo.com ▌टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

क्रमांक : प(182-III)/जरारासंविवि/परी.–गोप./2024/199

दिनांक : 26/04/24

प्राचार्य
समस्त शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय
संबद्ध जरारासंविवि, जयपुर

विषय– शास्त्री द्वितीय वर्ष परीक्षा 2024 के अनिवार्य कम्प्यूटर/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन के प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शास्त्री द्वितीय वर्ष /शास्त्री पंचम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के अनिवार्य कम्प्यूटर/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन के प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु दिनांक 23.04.2024 से 10.05.2024 निर्धारित की गई है। अतः समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त विषयों की प्रायोगिक परीक्षाऐं पूर्व की भांति महाविद्यालय अपने स्तर निर्धारित योग्यता पूर्ण करने वाले परीक्षक से आयोजित कर निर्धारित दिनांक तक पूर्ण करवाकर अंक विश्वविद्यालय की बेवसाइट jrrsu.in के माध्यम से ऑनलाइन प्रेषित करावें।

प्रायोगिक परीक्षाओं के अवार्ड परीक्षक द्वारा ऑनलाइन विश्वविद्यालय की बेवसाइट jrrsu.in से भरे जायेंगे। परीक्षक द्वारा उक्त बेवसाइट पर INT/Ext Examiner Reg. टैब से अपना प्रोफाइल भर कर लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड जेनरेट किया जावेगा। परीक्षक द्वारा INT/Ext Examiner Login टैब से लॉगिन कर प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन दर्ज किये जावेंगे। प्रायोगिक परीक्षा के अंक दर्ज करने के पश्चात् अंक सूचियों की हार्डकॉपी एवं उपस्थिति पत्रक बाह्य परीक्षक से हस्ताक्षरयुक्त अपलोड करें एवं अंकसूची की हार्डकॉपी सील्ड करवाकर विश्वविद्यालय को दिनांक 11.05.2024 तक आवश्यक रूप से प्रेषित करें। बाह्य परीक्षक का पारिश्रमिक व यात्रा भत्ता बिल प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक द्वारा प्रमाणित एवं अग्रेषित कर परीक्षा आयोजन के सात दिवस में प्रस्तुत करें। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अथवा अंक दर्ज करने में किसी भी तकनीकी समस्या हेतु **Email Id : helpdeskexam.jrrsu@gmail.com, Mobile : 7073704054** पर सम्पर्क करें।

भवदीय

[signature]

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प(182iii)जरारासंविवि/परीक्षा/2024/200-202

दिनांक : 26/04/24

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निदेशक शैक्षणिक परिसर, जरारासंविवि, जयपुर
2. कम्प्यूटर फर्म, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रायोगिक परीक्षाओं के ऑनलाइन अंक प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करावें।
3. वेबसाइट प्रभारी JRRSU.

[signature]

परीक्षा नियंत्रक

D:/Sec 2022/Official Letter_2023